प्रजाति (Race)

प्रजाति शब्द अंग्रेजी भाषा के Race शब्द का हिन्दी अनुवाद है। मानव शास्त्रीयों ने प्राप्त अवशेषों के आधार पर अनेक मानव की बात कही हैं जैसे पिथेकैनथ्रोपस, हेडलबर्ग, नियनडरथल तथा पिल्टडाउन। जहाँ तक वर्तमान मानव का प्रश्न है तो इन्ही मानवों में से किसी एक से इसका जन्म हुआ जिसे 'मेधावी मानव' (Homo Sapiens) कहा जाता है। इस से मनुष्य की कई शाखाऐं फूटी हैं जिनमें सफेद, पीले, काले रंग के मानव हैं। इनमें से भी हर एक से फिर आगे शाखाएँ फूटी हैं जो मानव की भिन्न भिन्न नस्लें हैं। भिन्न भिन्न प्रजातियाँ हैं। इनका मुल आधार खून है। एक खून के लोग एक प्रजाति और दूसरे खून के लोग दूसरे प्रजाति के माने जाते हैं। जो लोग अपनी प्रजाति के खून को श्रेष्ठ मानते हैं वह दूसरे प्रजाति के लोगों से अनेक प्रकार की दूरी बनाये रखते हैं। प्रजाति के आधार पर श्रेष्ठता का विचार हर देश में पाया जाता है। जैसे Hitler जर्मन जाति तथा भारतीय Brahmin जाति को श्रेष्ठ मानते हैं।

Scanned with CamScanner

जहाँ तक प्रजाति की परिभाषा का सम्बंध

है यह कहा जा सकता है कि एक प्रकार के शारीरिक लक्षणों से युक्त मानव समूह को हम एक प्रजाति कह सकते हैं। अर्थात् एक प्रजाति के लोगों को शारीरिक लक्षणों से पहचाना जा सके तो वह एक प्रजाति का निर्माण करते हैं। ये शारीरिक लक्षण उस मानव समूह में वंशानुक्रमण द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तान्तरित होते हैं तथा इन पर पर्यावरण का प्रभाव नहीं पड़ता है। प्रत्येक प्रजातियों में व्यक्ति में शारीरिक विशेषताओं के आधार पर काफी समानता पायी जाती है।

डा० डी० एन० मजूमदार के अनुसार "यदि व्यक्तियों के एक समूह को समान शारीरिक लक्षणों के आधार पर अन्य समूहों से अलग पहचाना जा सके तो चाहे उस अव्यवस्थित समूह के सदस्य कितने ही बिखरे क्यों न हों, वे एक प्रजाति हैं।"

Hoebel के अनुसार "प्रजाति विशिष्ट जननिक रचना के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले शारीरिक लक्षणों का एक विशिष्ट संयोग करने वाले अन्तर सम्बन्धित मनुष्यों का एक के वृहत समूह है।"

Biesanz e Biesanz के अनुसार

प्रजाति व्यक्तियों के एक ऐसे विशाल समूह को कहते हैं जिसे अनुवांशिक शारीरिक लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सके।

इस प्रकार प्रजाति एक ऐसे मानव समूह को कहते हैं जिनकी शारीरिक विशेषताएँ एक जैसी हो। ये विशेषताएँ उन्हें वंशानुक्रमण में पीढ़ी दर पीढ़ी प्राप्त होती हैं और इनपर पर्यावरण का प्रभाव नहीं पड़ता या पर्यावरण से ये बहुत कम ही प्रभावित होती हैं।

Scanned with CamScanner